तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 26 जून 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 चिखलपुट्टी आश्रम में 'आओ गढ़ें संस्कारवान ...



11 आपातकाल लोकतंत्र के इतिहास में काला ...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# नगर निगम में उदयनाथ बने नेता प्रतिपक्ष, राजेश बने उपनेता प्रतिपक्ष

## कांग्रेस पार्षदों से रायशुमारी के बाद पर्यवेक्षकों ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर नगर पालिक निगम जगदलपुर में नेता प्रतिपक्ष एवं उप नेता प्रतिपक्ष के चयन के लिए भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश ठाकुर पर्यवेक्षक ने कांग्रेस भवन में पार्षदों की बैठक ली। मंगलवार को राजीव भवन में शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति एवं समस्त कांग्रेस पार्षदों की सहमति से उदयनाथ जेम्स को नेता प्रतिपक्ष एवं राजेश राय को उप नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि साढ़े 4 साल तक कांग्रेस की नगर सरकार रही लेकिन कुछ महीने पहले कांग्रेस की महापौर सफीरा साहू और कुछ पार्षदों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा प्रवेश कर लिया। जिसके कारण कांग्रेस विपक्ष में आ गई। इसलिए 5-6 महीने के लिए नेता प्रतिपक्ष का चुनाव आज करना पड़ा। कांग्रेस भवन में आज काफी गहमा गहमी रही पर्यवेक्षकों ने अलग-अलग पार्षदों से चर्चा कर उनकी राय जानी और शाम को घोषणा की गई।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कांग्रेस के पार्षद विक्रम सिंह डांगी, कविता साहू समेत अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस घोषणा के साथ ही अब वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी संभालेंगे। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ पार्षद संजय पाण्डेय नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष थे।

## खबर संक्षेप

### जेल भरो आंदोलन में शामिल होंगे बजरंगी आज

**जगदलपुर।** बजरंग दल के बस्तर जिला संयोजक घनश्याम नाग ने जारी बयान में कहा कि गौ रक्षकों की गिरफ्तारी के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग 26 जून को जेल भरो आंदोलन में शामिल होंगे। उन्होंने बड़ी संख्या में रायपुर के आंदोलन में शामिल होने का आव्हान बजरंगियों से किया है।

### शराबखोरी करते 6 लोगों का पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने पखांजुर थानांतर्गत ग्राम शीतलापारा निवासी अविनाश नेताम पिता बरातू राम को , शीतला पारा निवासी 46 वर्षीय चम्पाबाई कुलदीप पति सुखचन्द को, पित्तेकोड़ो निवासी 35 वर्षीय संतोष गर्वना पिता धनाजी राम को, रुपनगर निवासी दीपाकंर हलधार पिता स्व. निर्मल हलधार को, रुपनगर निवासी विजय खान पिता विश्वनाथ खान को मेला भाठा सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। पीव्ही निवासी 35 वर्षीय शीतल विश्वास पिता सतीशचन्द्र को 23 जून को 8 बजकर 25 मिनट बजे सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 36 (च) (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जलकुंभी को हटाने को लेकर शहरवासी हुए एकजुट

**कांकेर।** शहर के जागरूक नागरिकों द्वारा कांकेर के हृदय स्थल में स्थित डढ़िया तालाब में पनपी जलकुंभी को हटाने को लेकर दूसरे दिन अभियान चलाया। शहर के जागरूक नागरिकगणों के द्वारा वंदे मातरम स्थल स्थित घाट पर एकत्रित होकर जलकुंभी की सफाई में सभी लोगों ने योगदान दिया। डढ़िया तालाब में सफाई के लिए अरुण कौशिक, अशोक राठी, ललित गांधी, दिलीप पटेल, नरेश परिहार, अविनाश नेगी, निर्मल माहेश्वरी, समीर कोठारी, अजय करायत, सुशील तिवारी, अजय चोपड़ा, मोहन सेनापति, जयंत अटभैया, टीएस जैन पूर्व सैनिक, संतोष जैन, पोखन सिन्हा, निखिल जैन, संयोग साहू, रोशन साहू, तिलक साहू, नारद नाग एवं शहरवासी शामिल रहे। निश्चित रूप से कांकेर नगर के जागरूक नागरिकों के इसी तरह के सहयोग भावना एवं एकजुटता से तालाब स्वच्छ होगा एवं अपनी पुरानी गरिमा को वापस पा सकेगा।

### आयोजन : सत्ता में बने रहने देश को आपातकाल की जंजीरों में कैद किया- किरण

# देश में आपातकाल लगाने के कलंक की दोषी है कांग्रेस : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनायी आपातकाल की 49 वीं बरसी

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस द्वारा देश में जबरिया थोपे गये आपातकाल की 49 बरसी मंगलवार को काला दिवस के रुप में मनाया और आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय निरूपित किया। भाजपा जिला कार्यालय में आ पा त का ल काला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुये। जहां आपातकाल के समय जेलों में डाल दिये गये मीसा बंदियों के परिजनों का सम्मान प्रदेश अध्यक्ष ने किया।

कार्यक्रम में किरणदेव ने कहा कि आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का कलंक है, जिसे कांग्रेस के अत्याचारी शासन में देश व देशवासियों ने भोगा है। आपातकाल के संबंध में आज हिन्दुस्तान के प्रत्येक युवा व नागरिकों को जानना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को अपनी सत्ता बचाने के लिये समूचे देश को आपातकाल की कैद में डाल दिया था। लगातार 19 महीने चले आपातकाल में नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता नहीं थी। समाचारपत्रों में निष्पक्ष लिखने की स्पष्ट मनाही थी, लाखों लोगों को रातो-रात जेलों में बंद कर दिया गया था। जिसने भी सरकार के विरुद्ध आवाज उठायी, उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाता था। एक तानाशाही शासन कैसे होता है, यह कांग्रेस ने अपनी सरकार चलाने के ▶▶| शेष पेज 10 पर





### आपातकाल के लिए कांग्रेस दोषी

जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने की दोषी कांग्रेस है, देश में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने इसे स्वयं साबित किया था। देश में आपातकाल का वह भयावह दौर और कांग्रेस की ऐसी सच्चाई से समूचे देश को बारंबार अवगत होना चाहिये। महज सत्ता में बने रहने के स्वार्थ में कांग्रेस ने देश को आपातकाल की बेड़ियों से जकड़ दिया था। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी समारोह पूर्वक सम्मानित किये गये मीसा बंदियों के परिजनों में दिनेश भारती, सतीश अवस्थी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, ऋषि हेमाणी व अरूण शर्मा शामिल रहे। जिनका किरण देव ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। संचालन राजेन्द्र बाजपेयी ने किया। आपातकाल के दौर के पुराने चलचित्र भी टीवी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम में दिखाए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विद्या शरण तिवारी, मनीराम कश्यप, महापौर सफीरा साहू, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, गोदावरी साहू, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, नरसिंह राव, अश्विन सरडे, दंतेश्वर राव, उमाकांत सिंह, आनंद मोहन मिश्रा, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी, आर्येन्द्र आर्य, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, रामकुमारी यादव, त्रिवेणी रंधारी, भारती श्रीवास्तव, नीलम यादव, ममता पोटाई, रौशन सिसोदिया, प्रमिला कपूर, निर्मल पाणिग्रही, राजपाल कसेर, यशवर्धन राव, दिगम्बर राव, धनसिंह नायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बीबीए के छात्र की मौत, दूसरा गंभीर

### पल्ली मार्ग में अज्ञात वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रातभर परिजन रहे परेशान, सुबह मिला छात्र का शव

शहर के क्राइस्ट कॉलेज में अध्ययनरत बीबीए के छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। बीती रात परपा थाना क्षेत्र स्थित पल्ली मार्ग में अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार महाविद्यालयीन छात्र की मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह जब मिली तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक हादसा बीती रात हुआ जब स्कूटी सवार युवक पल्ली रोड से होकर जा रहा था इसी दौरान में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह मार्ग से गुजर रहे लोगों ने घायलों को देख पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गवा वहीं हादसे में गंभीर युवक को



प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल निवासी रुद्राक्ष कुमार साहू 21 वर्ष शहर के क्राइस्ट कॉलेज में बीबीए सेकंड ईयर में अध्ययनरत था। वह अपनी बुआ के घर धरमपुरा में रह रहकर पढ़ाई कर रहा था। बीती रात वह अपने मित्र आदित्य पांडेय को लेकर घर से चाय नाश्ता के लिए स्कूटी लेकर निकला हुआ था। रात भर घर नहीं पहुंचने पर परिजन दोनों युवकों की पतासाजी कर रहे थे। रात में युवकों के बारे में कोई भी जानकारी परिजनों को नहीं मिली सुबह सुबह कुछ लोगों ने पल्ली नाका के पास झाड़ियों में घायलों को देखने के बाद पुलिस व परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि रुद्राक्ष की मौके ▶▶| शेष पेज 10 पर

# डेंगू पर काबू पाने हरसंभव उपाय किए जाएं : किरण देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज पाए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने आपात बैठक बुलाकर स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों को ग्रामवार एवं वार्डवार डेंगू के रोकथाम के लिए सुबह शाम प्रचार प्रसार, भ्रमण के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्य करने निर्देशित किया गया। टीम के द्वारा घर-घर 3 दिनों से सर्वे कार्य किया जा रहा है। संदेहास्पद मरीजों की जांच की जा रही है। डेंगू लार्वा वाले स्थानों की साफ सफाई की जा रही है। साथ ही जन जागरुकता के लिए दीवार लेखन, पांपलेट का वितरण किया गया। नगर निगम की टीम द्वारा स्प्रे का छिड़काव व फॉगिंग की जा रही है।



# अवैध गौण खनिज परिवहन करते 3 वाहन जब्त

**जगदलपुर।** जिला खनिज जांच दल द्वारा 22 एवं 25 जून को बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम बजावण्ड, बेलपुटी, भानपुरी, बनियागांव, आड़ावाल क्षेत्र का औचक निरीक्षण में गौण खनिज रेत के 3 वाहनों को अवैध गौण खनिज परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया है। परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खनिज के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को जब्त करने के बाद प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही बजावण्ड एवं बेलपुटी में रेत का अवैध भण्डारण करने वाले दो व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, लोकेश कश्यप उपस्थित थे।

नगरनार स्टील प्लांट के सामने धरना स्थल पहुंच किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया समर्थन

# आश्वासन के बाद भी नहीं हुआ समाधान, धरना जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछले 7 जून से नगरनार स्टील प्लांट के बाहर 8 सूत्रीय मांगों को लेकर स्थानीय लोग धरने पर बैठ कर आंदोलन कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र के लोग पिछले दिनों विधायक किरण देव के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर में मिले थे। जहां मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों का समर्थन करते आश्वासन दिया था। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हो सका है जिसके चलते 25 जून को भी आंदोलन जारी रहा। आज धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश पदाधिकारी पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। जय झाड़ेश्वर बाबा समिति अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं उनकी मांगे नगरनार स्टील प्लांट में इलाके के युवाओं को रोजगार, प्लांट में स्थानीय लोगों की भर्ती, प्लांट की वजह से खराब हो रहे खेतों का मुद्दा सहित अन्य मामले शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन संजय पंत एव प्रदेश संगठन मंत्री शुभम सिंह ने धरना स्थल पर कहा कि बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जल, जंगल और जमीन बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे देश के ग्रामीण अंचल के लिए अहम मुद्दा है। एनएमडीसी प्रबंधन को जल्द से जल्द स्थानीय लोगों के हित में मांगों को पूरा करना ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

### कार्यपालक निदेशक रायपुर को ज्ञापन देकर शीघ्र ही वेतन दिलाने की मांग की

# एफओसी कर्मचारियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आर्थिक परेशानी बढ़ी परिवार चलाना हुआ मुश्किल

विद्युत कंपनी के आउटसोर्स एफओसी कर्मचारियों को 3 माह से बिना वेतन के कार्य लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में कर्मचारियों ने कई बार ठेकेदार एवं सुपरवाइजर से मौखिक एवं दूरभाष से चर्चा की गई, पर आज दिनांक तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है। इसके लिए कर्मचारियों ने कंपनी के कार्यपालक निदेशक रायपुर को ज्ञापन देकर शीघ्र ही वेतन दिलाने की मांग की। कर्मचारियों ने ज्ञापन में बताया कि आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत एफओसी कर्मचारियों का मेसर्स नारायणी एचआर सर्विनर प्राइवेट लिमिटेड रायपुर ने मार्च से मई माह तक का वेतन भुगतान नहीं किया है। विगत 3 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी मानसिक एवं अर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। विद्युत कंपनी को ऐसे ठेकेदार को ठेका नहीं दिया जाए जो कर्मचारी को 4 माह में काम कराकर एक माह का वेतन देते हैं। इसलिए ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाए।



### ठेकेदार को किया ब्लैक लिस्टेड

विद्युत कंपनी जगदलपुर मंडल के अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव ने इस संबंध में बताया कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया गया है और उसका टेंडर निरस्त किया जाएगा। साथ ही कर्मचारियों को लंबित 3 माह का वेतन शीघ्र ही दिया जाएगा।

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
R1
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
·BCA ·MCA
·BBA ·MBA
·B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
tcs
wipro
90161 13333

**खबर संक्षेप**

### स्वरोजगार ऋण के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**कोण्डागांव।** कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति से मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी स्वरोजगार एवं अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजनाओं के तहत ऋण लेने के इच्छुक उम्मीदवार जिला कार्यालय कलेक्टर प्रथम तल कक्ष क्रमांक 80 से जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या0 कोण्डागांव द्वारा ऋण आवेदन निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। ऋण आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा प्रमाणित, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैनकार्ड आवश्यक है। ऋण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव स्वामी आत्मानंद स्कूल जामकोटपारा में आज

**कोण्डागांव।** नवीन शिक्षा सत्र के प्रारम्भ होने के अवसर पर कोण्डागांव के स्वामी जामकोटपारा स्थित आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी, विशिष्ट अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, नगरपालिका परिसद अध्यक्ष वर्षा यादव, नगरपालिका परिसद उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी उपस्थित रहेंगे।

### नवागांव में कबीर जयंती मनाई गई

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम नवागांव (क) के कबीर आश्रम में संत कबीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संतों ने संत कबीरजी के जीवन चरित्र को विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बच्चों ने उत्साह से किया योग

सिर्री। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला गोजी में योग और प्राणायाम कराया गया। द आर्ट ऑफ लिविंग की इंदु साहू ने योग सिखाया। बच्चों ने भी उत्साह से योग किया। मौके पर माध्यमिक व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक टुमन लाल निषाद, शिवकुमार साहू, शिक्षक मनोज नेताम, कुलेश्वर साहू, डोमन साहू, निर्मला नागरची, जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदु साहू, पुष्पेंद्र साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, टकेश्वर चंद्राकर, केवल चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामती साहू शामिल रहे।

### शरीर को मजबूत बनाने योग जरूरी

कोर्रा(भखारा)। प्राचार्य एनके देवांगन के निर्देशानुसार आस्था विद्या मंदिर में योग दिवस मनाया गया। योगासन का प्रारंभ माता सरस्वती की वंदना प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात सूक्ष्म यौगिक व्यायाम प्राणायाम, कपालभारती, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार एवं शांति पाठ किया गया।

# चिखलपुट्टी आश्रम में 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' कार्यशाला का समापन

## गायत्री परिवार द्वारा 148 बच्चों को दिए गए मूल्यवान संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा कोंडागांव के चिखलपुट्टी स्थित आश्रम में 1 मई से 24 जून तक 55 दिवसीय वृहद कार्यशाला बच्चों का संपन्न हुआ जिसका समापन 24 जून को हुआ। ग्रीष्मकालीन अवकाश में जहां बच्चे मेला मड़ई शादी ब्याह में समय व्यतीत करते हैं। बच्चों को जीवन जीने की कला एवं राष्ट्र निर्माण के लिए सृजन सेनानी तैयार करने के भाव से प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण छात्र–छात्राओं को प्रदान किया जाता है। इस कार्यशाला में सुदूर वनांचल के साथ–साथ बस्तर संभाग से बाहर राजनांदगांव जिले तक के 148 छात्र–छात्राएं शामिल होकर प्रशिक्षित हुए।

### सिखाए गए संस्कार

प्रशिक्षण का मुख्य विषय जीवन जीने की कला, सनातन संस्कृति एवं ऋषि परम्परा को लोक व्यवहार में कैसे उतारें। इसके साथ ही साथ संभाषण, युगसंगीत, हारमोनियम वादन, तबला वादन, डपली वादन, योग व्यायाम एवं स्वस्थ रहने के स्वर्णिम सूत्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय था एवं सभी बच्चों के जलपान एवं भोजन की व्यवस्था गायत्री परिवार द्वारा निशुल्क किया गया था।



### अब बच्चे करते हैं वैदिक मंत्रों का शुद्ध उच्चारण

उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षित बच्चे भारतीय संस्कृति के विविध संस्कार को सम्पन्न कराने के साथ–साथ वैदिक मंत्रों का लयबद्ध शुद्ध उच्चारण करते हैं। यज्ञ का संचालन, नामकरण संस्कार, विवाह संस्कार, अंत्येष्टि संस्कार, आदि को कुशलता से संपन्न भी कराते हैं। आओ गढ़े संस्कारवान पीढी के सफल कार्यशाला में 148 छात्र–छात्राओं ने प्रसन्नतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### ये रहे मौजूद

प्रशिक्षण के मुख्य आचार्य एवं प्रशिक्षक महाप्राण पुरोहित ने बच्चों के अंदर भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम एवं अनुराग जगाने का पुरुषार्थ किया। जितेंद्र सोरी, जीवन भाई, गजेंद्र पांडे, गुलेन्द्र पटेल, बाल सिंह पुरोहित, श्रीमती उमन पटेल, मदन साहू, उमादास मानिकपुरी आदि प्रज्ञा परिजनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## आयोजन : दुदावत ने की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

# निर्माण कार्यों में विलंब करने वाले ठेकेदारों को जल्द किया जाए ब्लैक लिस्टेड: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को निर्माण विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। कार्य में विलंब करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय–सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ भू–अर्जन के प्रकरणों का शीघ्रता से करें निराकरण

जिला कार्यालय के भू–तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क एवं भवनों के साथ ही सेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने इसके साथ ही जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने हडेली से बेचा मार्ग का निर्माण इस वर्ष के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। नवागांव हाईस्कूल का निर्माण पूर्ण करते हुए 1 जुलाई तक हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उमरगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंच मार्ग तथा छोटे कुरुषनार के निर्माण में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान पुराने स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही नए स्वीकृत कार्यों के निर्माण में भी गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के पूर्व ही सड़कों के निर्माण पर जोर दिया।



### केशकाल घाट की हो रही मरम्मत

कलेक्टर ने निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के स्थिति की समीक्षा की और भू–अधिग्रहण के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कोंडागांव से नारायणपुर मार्ग के निर्माण के लिए कार्यवाही तेजी से की जा रही है तथा इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। वहीं केशकाल घाट के मरम्मत के लिए भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि केशकाल बायपास के निर्माण के संबंध में भी निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिस पर कार्यवाही की जा रही है।

### सिंचाई सुविधाओं में हो तेजी से विस्तार

कलेक्टर ने जिले में सिंचाई की सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए इस वर्ष बजट में स्वी—त कार्योंर् का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही मिशन जल शक्ति के तहत किए जाने वाले कार्योंर् को भी गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर अपर संचालक चित्रकांत चार्ली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव सहित निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागाव जिले में आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों जिले के 22 जून को इस शिविर की शुरुआत मर्दापाल से की गई। प्रति माह दो जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत 28 जून को फरसगांव क्षेत्र के ग्राम बड़गई में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य तौर पर जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस साथ ही 25 जून मंगलवार को फरसगांव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम ने ग्राम बड़गई में पहुँचकर शिविर स्थल का निरीक्षण कर शिविर के तैयारियों के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिवों,हल्का पटवारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर सभी विभागों के अफसरों को शिविर में पहुचने निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार डॉ जयकुमार नाग सहित अन्य विभाग के कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे।

■ 28 जून को बड़गई में किया जाएगा आयोजित

# सीमांकन के सभी प्रकरणों का निराकरण बारिश के प्रारंभ होने के पूर्व ही पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी सेवाओं को समय–सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, के साथ ही आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र से संबंधित सभी आवेदनों का समय–सीमा के भीतर निराकरण करने कहा। तहसील कार्यालय द्वारा जिन प्रकरणों का निराकरण समय–सीमा के भीतर नहीं किया जाता, उनकी समीक्षा अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों द्वारा की जाए। इस दौरान राजस्व अधिकारियों को नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक में राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव सहित राजस्व विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

■ कलेक्टर ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा



### राजस्व न्यायालयों में पेशी की तारीख को ऑनलाइन करें अपडेट

सीमांकन के सभी प्रकरणों का निराकरण बारिश के प्रारंभ होने के पूर्व ही पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। वहीं डायवर्सन के प्रकरणों में सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में पेशी की तारीख को ऑनलाइन अपडेट रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अतिक्रमण के प्रकरणों में भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### राजस्व वसूली के कार्य में लाएं तेजी

कलेक्टर ने खारिज होने वाले नामांतरण के प्रकरणों में खारिज किए जाने का विस्तृत कारण आदेश में उल्लेखित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दाण्डिक प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के संबंध में निर्देशित किया।

# शाला प्रवेशोत्सव का करें भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में 26 जून से प्रारंभ हो रही शालाओं में प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन करते हुए शाला प्रवेशी बच्चों का स्वागत करें। उन्हें किताब, गणवेश इत्यादि वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पौधारोपण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही असाक्षरों के सर्वेक्षण के निर्देश दिए।

■ आज से शुरू होंगे स्कूल

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पात्र किसानों का इसका लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही खरीफ फसल की तैयारी की समीक्षा की और खाद–बीज के उपलब्धता की जानकारी लेते हुए किसानों की मांग के अनुसार खाद–बीज का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने केसीसी प्रदान किए जा रहे कार्य की समीक्षा करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी पात्र किसानों से आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। वहीं पशुपालन, मत्स्यपालन और उद्यानिकी कृषि के लिए केसीसी के लिए आवेदन प्राप्त करने की गति बढ़ाए जाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर 15 दिन के भीतर कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और चेकडेम, आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, पीडीएस भवनों सहित अन्य निर्माण कार्योंर् को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत कनेक्शन के साथ ही आंतरिक विद्युतीकरण के कार्य को तेजी से करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर केशकाल वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, कोंडागांव वन मंडलाधिकारी श्री आरके जांगड़े, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार उपस्थित थे।



### महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोटिस

आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखण्ड के मापदण्डों को पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कोंडागांव, माकड़ी और केशकाल के खण्ड चिकित्सा अधिकारी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही टेक टू होम राशन प्रदाय करने के कार्य में लापरवाही पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र और राजनीति का सबसे दुखद व काले अध्याय: लता

# भाजपा ने आपातकाल को स्मृति दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल को स्मृति दिवस के रूप आज जिला मुख्यालय के ऑक्शन हाल में संगोष्टी कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ गण मान्य नागरिक शामिल होकर आपातकाल के दौरान घटित घटनाओं का जिक्र किया।

संगोष्ठी की मुख्य वक्ता व कोंडागांव के विधायक एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुखद व काले अध्याय रहा। आपातकाल के दौरान लोक अभिव्यक्ति व राजनीतिक अभिव्यक्ति समाप्त हो गई थी। कानून का सीमा सत्ता पर आसीन लोंगो हाथ की कठपुतली बन गई थी। उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते कहा कि वर्तमान समय मे विपक्षके द्वारा एक नरेटिव सेट कर आपातकाल लाने का प्रयास किया जा रहा है। वंही उन्होंने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी चुनाव पदत्ति को लेकर कहते थे कि हमे नए तकनीकी के तरफ आगे बढ़ना चाहिये वंही राहुल गांधी कहते है कि ईवीएम की पद्धति ठीक नही है। वे देश को किस दिशा में ले जाना चाहते है। इससे यह लगता है कि फिरसे आपातकाल जैसे बाते कर व वातावरण दूषित करने का प्रयास किया जा रहा है।



कई जगहों उन्होंने बयान भी दिया है कि आने वाले समय मे भाजपा 400 पार हो जाते तो देश के संघीय ढाँचे को नुकसान पहुचाएंगे, आरक्षण समाप्त कर देंगे इस तरह भ्रम फैला कर वातावरण दूषित करने का प्रयास किया गया। कांग्रेस के शासन काल मे राज्य सरकारो को गिराने के लिये संविधान में अनेक बार संशोधन किया गया और कई में पूर्व वर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा छेड़छाड़ भी किया गया। और अराजकता फैलाया। कांग्रेस के पददाधिकारी व महागठबंधन के बंधु वे इस विषय पर कुछ नही कहते लेकिन अघोषित आपातकाल कह कर देश का वातावरण दूषित कर रहे है। इससे समाज के लोंगो को समझने की आवश्यकता है कि विपक्ष द्वारा देश के लोंगो को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। संगोष्ठी को नगर के प्रबुद्ध नागरिक मृदुल विश्वास, दी,एस साहू ,मोहन कोटडिया ने भी संबोधित कर आपातकाल के बारे में बताया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान बृज मोहन देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा, लक्ष्मी धुर्वे, ओमप्रकाश टावरी ,गणेश लाल दुग्गा, जितेंद्र सुराना, परितोष त्रिपाठी, कुलवंत चहल, संतोष पात्रे ,बंटी नाग,विक्की रवानी, बिट्टू पाणिग्रही, सोनामणि पोयाम, दयाराम पटेल, नागेश देवांगन सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी, नगर के प्रस्थित व्यापारी गण के अलावा भाजपा के समस्त प्रकोष्ठ पददाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### देश में आपातकाल ....

लिये किया। उन्होंने कहा कि देश के उन कठिनतम समय की कल्पना तक हम नहीं कर सकते कि देश के एक-एक नागरिक के मौलिक अधिकार तक कांग्रेस ने छीन लिये थे। आज उसी कांग्रेस के नुमाइंदे देश के लोकतंत्र को बचाने की दुहाई देकर ओछी राजनीति करने से बाज नही आ रहे। कांग्रेस के आपातकाल के कलंक को भारतीय जनता पार्टी काला दिवस कहती है। देश व समग्र देशवासियों को कांग्रेस की ऐसी काली और जघन्य करतूत की जानकारी होनी चाहिये।

### सड़क दुर्घटना .....

पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं उसका मित्र आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक रुद्राक्ष घर का इकलौता बेटा था। पिता एनएमडीसी में कार्यरत है बेटे की मौत की खबर लगते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर परिजन किरंदुल से जगदलपुर पहुंच चुके थे जिन्हें पीएम के बाद शव सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है।

### आश्वासन के बाद ....

चाहिए अन्यथा आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरना स्थल पर लैखन बघेल, बनमाली नाग समेत बड़ी संख्या में प्रभावित किसान मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## रक्तदान कर युवाओं को कर रहे प्रेरित



**बीजापुर।** नगर के युवा और 2023 मिस्टर बीजापुर प्रतियोगिता के विजेता रहे विहान दुर्गम ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संदेश भी दिया। विहान दुर्गम के अनुसार वह अपने जन्म दिन पर विगत 6 वर्षों से रक्तदान कर रहे है। अब तक उन्होंने 15 बार रक्तदान किया है। वह चाहते है कि बीजापुर जिले के युवा रक्तदान करने आगे आए, जिससे जरूरत मंदों के लिए अस्पताल में रक्त हमेशा उपलब्ध हो।

## प्राक्चयन परीक्षा 21 जुलाई को

**दंतेवाड़ा।** आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालय की 11वीं क्लास में लैटरल एंट्री के जरिए प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक होगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 21 जून, ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 7 से 9 जुलाई, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 6 जुलाई रात 12 बजे तक होगी। प्रयास आवासीय विद्यालय एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन 11वीं में एडमिशन के लिए हो रही प्राक्चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय हैं, इन विद्यालयों की कक्षा 11वीं में 148 सीट खाली हैं, इन सीटों पर एंट्रेंस एग्जाम के जरिए एडमिशन दिया जाता है। प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र 10वीं क्लास के स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक या इसके समान ग्रेड से पास होना जरूरी है।

**निधन**

## सीताराम सेठिया

**जगदलपुर।** छग किसान कांग्रेस के महामंत्री, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष व सुंडी समाज के उपाध्यक्ष सीताराम सेठिया का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भागीरथी सेठिया, सोमनाथ सेठिया के भाई तथा रमेश सेठिया व जग्गू सेठिया के पिता थे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा नगरनार के प्रबंधक सोमनाथ सेठिया ने बताया कि सोमवार को वे मंदिर में पूजा के बाद घर पहुंचे। अचानक उनकी सांसे थम गई कुछ दिनों से अस्वस्थ होने के कारण उनका रायपुर और विशाखापटनम में इलाज चल रहा था। ग्राम मारकेल के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में समाज समेत ग्रामीण एवं शहर से पहुंचे लोग शामिल थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।



### निरअपराध लोगों को जेलों में ठूंस दिया, प्रेस की आजादी पर ताला

# आपातकाल लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय : भाजपा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

भाजपा कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में 25 जून को आपातकाल काला दिवस के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन से गौतम गोलछा उपस्थित रहे।

■ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गोष्ठी आयोजित की गई

उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई और असंख्य लोगों को जेल में डाल दिया गया था। 21 महीना का ये आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए वक्ता गौतम गोलछा ने कहा कि कांग्रेस की दमनकारी नीतियों, सत्ता पिपाशा व तानाशाही मानसिकता ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी ना मिटने वाला धब्बा लगाया था। रातों रात लाखों निरअपराध लोगों को जेलों में ठूंस दिया, प्रेस की आजादी पर ताला लगा दिया, लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली। देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया। आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ी थीं। देश आपातकाल के विरुद्ध आवाज उठाने वाले और यातनाएं सह कर कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का मुखर विरोध करने वाले लोकतंत्र के सभी प्रहरियों के प्रति अपनी कृतज्ञता समर्पित करता है।

आपातकाल के विरुद्ध उठी हर आवाज को मैं नमन करता हूं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान ने किया एवं आभार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम अभिलाष तिवारी ने व्यक्त किया। इस दौरान समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### *कांग्रेस की सत्ता की लालसा और लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय आपातकाल*



*सुकमा। सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपातकाल पर कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता की लालसा के लिए लोकतंत्र की हत्या कर संविधान से खुद को बड़ा मानने के लिए देश में आपातकाल लगाया गया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से सत्ता हासिल करने के लिए लोकतंत्र की हत्या करते आई है। कांग्रेस का हमेशा से सत्ता हासिल करने के लिए असंवैधानिक तरीकों का उपयोग करने का इतिहास रहा है। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक जबरन देश में इमरजेंसी लगाकर विपक्ष की आवाज को दबाने का अलोकतान्त्रिक तरीका अपनाया था कांग्रेस ने। अटल बिहारी वाजपेई, राजनाथ सिंह, जय प्रकाश नारायण जैसे विपक्ष के नेताओं समेत एक लाख से ज्यादा लोगों को जबरन जेल में डाल दिया गया, जिससे 22 मौतें भी हुई। कांग्रेस अभी भी असंवैधानिक तरीकों से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है और सत्ता हासिल करने के लिए जनता को गुमराह करती है। इस लोकसभा चुनाव में जबरन लोगों को गुमराह करते हुए संविधान खत्म करने जैसा झूठा आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ माहौल बनाने का नाकाम कोशिश किया। कांग्रेस पार्टी पहले यह बताएं कि संविधान का हत्या करके अलोकतांत्रिक तरीके से सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस पार्टी अपने किस मुंह से संविधान की बात करती है। कांग्रेस ने लोकतंत्र के हत्या के साथ-साथ भारतीय लोगों के स्वतंत्रता को भी खतरे में डाला। कांग्रेस का इससे भी मन नहीं भरा तो उस समय मुख्यमंत्री को जबरन लोगों को नसबंदी करने का लक्ष्य दिया गया। जो परिवार नियोजन का विरोध करता, उसे जेल में डाल दिया जाता है। इतना ही नहीं नसबंदी कानून का दुरुपयोग करते हुए नसबंदी नहीं करने के शर्त पर लोगों को कांग्रेस में प्रवेश दिलाया गया। 21 महीने भारत के लोगों ने आपातकाल का दंश झेला और तो और मीडिया के स्वतंत्रता पर अब सवाल उठाने वाले राहुल गांधी को कांग्रेस का पुराना इतिहास देखना चाहिए, कैसे मीडिया पर उत्पीड़न का इतिहास लिखा। समाचार पत्रों को इंदिरा गांधी के चुनाव मामले में संसदीय कार्रवाई एवं सुप्रीम कोर्ट के कार्यवाही को प्रकाशित करने पर रोक लगाया गया। लोकतंत्र का गला घोटा गया। राहुल गांधी अभी संविधान को लेकर लोगों को गुमराह करते हैं। लेकिन कांग्रेस के संविधान पर किए हुए अलोकतांत्रिक संशोधन की बात नहीं कहते। अपने पुराने इतिहास से कांग्रेस सबक नहीं लेते हुए अभी भी चुनावों में लोगों के बीच डर और भय का माहौल बनाती हैं। संविधान के मौलिक मूल्य पर कांग्रेस पार्टी ने कई बार प्रहार किया। कांग्रेस ने संविधान में 75 बार संशोधन किया।*

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर हुआ 6 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर

समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिये और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बस्तर जिला के विकासखंड बस्तर में कक्षा 1 से 3 तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बस्तर में 2 जोन केंद्र सेजेस, बालक बस्तर तथा बीआरसी भवन बस्तर में संचालित हुआ।

शिक्षकों को प्रशिक्षण जिला स्त्रोत समूह (डीआरजी) के द्वारा दिया गया। जिसमें एलएलएफ के ब्लॉक अकादमी समन्वयकों द्वारा सहयोग किया गया। प्रशिक्षण का फील्ड पर संचालन, मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग बीईओ एबीईओ व बीआरसी द्वारा प्रतिदिन जोन में विजिट कर किया गया। साथ ही राज्य स्तर पर राज्य स्त्रोत समूह (एसआरजी) द्वारा इस प्रशिक्षण की गुणवत्ता हेतु मॉनिटरिंग की गई। यह प्रशिक्षण द्वितीय चरण 20 से 25 जून, 1 व 2 बैच में संचालित किया गया, जिसे राज्य के आदेश अनुसार 30 जून से पहले ही संपन्न किया जाना है।

इस प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए भाषा एवं संख्या ज्ञान के चार खंडीय मॉडल, जिसमें भाषा के अंतर्गत मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन व लेखन तथा गणित के अंतर्गत मौखिक गणित बातचीत, मुख्य दक्षताओं पर कार्य, अभ्यास पुस्तिका पर कार्य और खेल-खेल में गणित तथा इसके अलावा नवाजतन पर बिंदुवार एवं डेमो आधारित प्रशिक्षण दिया गया।

शिक्षकों के अनुभव के आधार पर प्रशिक्षण में अधिक से अधिक गतिविधियों पर डेमो करके गतिविधियों पर स्पष्ट समझ बनाई गई। जिससे इसे कक्षा कक्ष की प्रक्रिया में लागू करने में दिक्कत नहीं होगी, जिससे निश्चित रूप से बच्चों के सीखने के स्तर एवं ज्ञान में वृद्धि होगी। इसी प्रकार जोन 1 में एलएलएफ से मधुलिका झा और डीआरजी गोमती यादव, परमेश्वर ठाकुर, जोन 2 में एलएलएफ से हेमन्त बघेल, गोकुल दिवान, हेमप्रकाश और डीआरजी कृष्णा सिंह ठाकुर, डमरू दास, आयतुराम पाढे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला के 230 शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहंडीगुड़ा

समग्र शिक्षा और लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक में किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2022 में राज्य में किए गए भाषाई सर्वेक्षण के आधार पर शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षण के चार ब्लॉक मॉडल में मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन और लेखन विस्तार पर चर्चा की गई। खंड स्त्रोत समन्वयक पिलाराम सिन्हा, खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने अपने विचार और अनुभव साझा किये। यह कार्यक्रम 20 से 25 जून तक तीन जोन बीआरसी लोहड़ीगुड़ा भवन, गढ़दा, मारडूम में सम्पन्न कराया गया। जिसमें ब्लॉक के 230 प्राथमिक शाला के शिक्षक उपस्थित रहे।



इस कार्यक्रम के लिए व्यवस्थापन बीआरसी पिलाराम सिन्हा, बीईओ चंद्रशेखर यादव साथ ही संचालक की भूमिका में एसआरजी अमित अवस्थी, हिरमती भारद्वाज संकुल अकादमिक समन्वयक टेमनाथ सार्दुल, दिलीप कांगे, मनन कश्यप, श्रद्धा दीप, प्रितेश चंद्राकर, भारती यादव, महेंद्र मंडावी, सेवक सूर्यवंशी और लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से एफएलएन प्रभारी गंगा प्रसाद कश्यप, टिकेश्वर सोनवंशी, मनीष नेताम की मुख्य भूमिका रही।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिससे नशीले पदार्थों व नशीली दवाइयों से मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके एवं नशा सेवन की समाज में बढ़ रही प्रवृत्ति की रोकथाम व इससे होने वाले दुष्परिणामों से जनमानस एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक कर नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना है। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर मादक द्रव्य पदार्थों के सेवन से मानव जीवन पर होने वाले दुष्प्रभावों, विषयांतर्गत सेमिनार, रैली, महाविद्यालय, विद्यालय में चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन आदि प्रतियोगिताएं, गोष्टियां सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# माओवाद प्रभावित मुदवेंडी में 20 साल बाद बच्चों को मिलेगा शिक्षा का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



20 सालों से शिक्षा के प्रकाश से वंचित मुदवेंडी गांव में नए शिक्षा सत्र में स्कूल की घंटी बजनी शुरू हो जाएगी। सड़क और सुरक्षा के विस्तार के बाद जिला प्रशासन के प्रयासों से अब मुदवेंडी के बच्चों को शिक्षा के अधिकार का लाभ मिलेगा और अशिक्षा के अंधकार से मुक्ति मिलेगी। नियद नेल्लानार के जरिये विकास की पहुंच और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटने की अपील का असर अब माओवाद प्रभावित इलाकों में दिखने लगा है। 20 सालों से अशिक्षा का दंश झेल रहे मुदवेंडी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों से और जिला प्रशासन के प्रयासों से सुनहरे भविष्य की किरणें दिखने लगी है और अब यहां के नौनिहाल क ख ग घ की तालिम से वंचित नही रहेंगे।

बदलाव की यह शुरूआत स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के घर-घर दस्तक अभियान से संभव हुआ। जब जिला प्रशासन की टीम शालात्यागी और अप्रवेशी बच्चों की शाला में वापसी के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंची। शिक्षा के फायदे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी देकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि भविष्य को संवारने में शिक्षा ही महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क सुरक्षा के विस्तार के बीच ग्रामीण अब आश्वस्त है कि उनके बच्चों का भविष्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। विश्वास बहाली के मुहिम के बीच अब माओवाद प्रभावित इलाकों का माहौल तेजी से बदलता दिख रहा है। ग्रामीण स्कूल के लिए स्वयं झोपड़ी तैयार कर रहे है, ताकि शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चों का भविष्य संवर सके। यहां जिला प्रशासन आवश्यक बुनियादी जरूरतों के अलावा गांव के ही शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षादूत की जिम्मेदारी देकर निश्चित मानदेय मुहैया करा रहा है। अब यहां के हालात बदलने की कवायद शुरू हो रही है और इसकी बदलाव की पहली गुंज स्कूल की घंटी से पूरे इलाके में गुंजने वाली है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय पूर्व मुदवेंडी में नक्सली की क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की गोली लगने से मौत हो गई थी। अब वहीं गांव नियद नेल्लानार से फिर से आबाद हो रहा है तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा का उजियारा गांव को रोशन करने में कारगर हो रहा है।

### स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम से 24 बंद और 32 नये स्कूल की होगी शुरूआत

जिला प्रशासन की मुहिम स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम का व्यापक प्रभाव माओवाद प्रभावित इलाकों में देखने को मिल रहा है। कलेक्टर की पाती गांव-गांव में सकारात्मक साबित हो रही है। जिनका नतीजा यह है कि नये शिक्षा सत्र में 24 बंद स्कूल और 32 नये स्कूल खोले जा रहे हैं। डुमरीपालनार, तोड़का, सावनार, कोरचोली, कावड़गांव जैसे गांव में 20 साल बाद स्कूल खुल रहे हैं।

# वन अधिकार पट्टा शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला कार्य : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, राजस्व एवं वन अमले के साथ-साथ आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त को सभी पात्र हितग्राहियों के वन अधिकार मान्यता पत्र बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टे शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला कार्य, इसे गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी संबंधितों को



दिए। समय-सीमा के प्रकरणों पर संबंधित विभागों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शाला त्यागी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से शाला त्यागी पर सर्वे कराने के निर्देश दिए। साथ ही अप्रवेशी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता, साक्ष्य अधिनियम होंगे प्रभावी

# प्रकरणों के निराकरण के लिए समय का किया गया निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नये कानून के संबंध में, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार एवं पुलिस-प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों को जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके संबंध में अधिकारियों के साथ ही नागरिकों को जानकारी होनी चाहिए। एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय



दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होनी चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फार्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फार्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बच्चों से अपराधिक गतिविधि कराने पर दुगुनी सजा का प्रावधान है।

बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। देश के बाहर भाग जाने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, उत्कर्ष भारती सहायक लोक अभियोजक सहित पत्रकारगण, गणमान्य नागरिकगण, सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी कर्मचारिगण उपस्थित थे।

## चित्रकोट विधायक ने 70 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहण्डीगुड़ा

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र विधायक विनायक गोयल ने मंगलवार को लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया, ग्राम चित्रकोट, छिंदबहार, नेगानार, पारापुर, एरमुर में सीसी सड़क, आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य, सामुदायिक भवन, रंग मंच भवन निर्माण कार्य लागत लगभग 70 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक गोयल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव के शासन में क्षेत्र में विकास कार्य और तेजी से हो रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पदमा कश्यप, जनपद सदस्य बसंत कश्यप, जनपद सदस्य बोंजा मौर्य, मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, सावेंद्र सेठिया, बबूल नाग, भरत कश्यप, मुंशी पेगड़, सोमारू कश्यप, पीलू राम बघेल, शिवनंदन पेगड़ सहित गांव के सरपंच, पुजारी, कोटवार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक वर्ष में देशी 234734, विदेशी 143 पर्यटक पहुंचे कांगेर घाटी उद्यान

## पर्यटन को बढ़ावा देने तैयार मानसून योजना, गाइड, जिप्सी चालक, ईको विकास समिति के सदस्य व अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान हर वर्ष 15 जून से सितंबर तक पर्यटकों के लिए बंद किया जाता है, जिससे पार्क के जिप्सी चालक, गाइड और स्थानीय लोगों के पास रोजगार के साधन कम हो जाते हैं। इन सबको ध्यान में रखते हुए कांगेर घाटी से लगे क्षेत्रों में मानसून पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस योजना में पर्यटन स्थल से पर्यटकों को जोड़ने के लिए टूर ऑपरेटर, जिप्सी चालक, जिप्सी गाइड, होम स्टे संचालक और फील्ड स्टाफ के साथ मिलकर मानसून सीजन हेतु योजना तैयार की जा रही है, जिससे लोग मानसून में भी भ्रमण कर सकें। पर्यटकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग आकर्षक पैकेज तैयार किए जा रहे हैं। पर्यटकों के लिए घाटी के आस- पास के गांवों को जोड़कर नए गतिविधियों के साथ पैकेज तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें पर्यटक अपनी सुविधा अनुसार बुक कर भ्रमण सकते हैं। इस सर्किट में मांदरकोटा गुफा, तीरथगढ़ जलप्रपात, धुड़मारास ईको विलेज, टॉपेर वॉटरफॉल जैसे नए स्थल शामिल हैं। इस पैकेज में ट्रेकिंग, नेचर वॉक, फेस्टिवल टूर, बर्ड वाचिंग, एजुकेशनल टूर, स्टार ग्रेज़िंग, कल्चरल टूर, जंगल साउंड थेरेपी जैसी गतिविधियां सम्मिलित हैं। कांगेर घाटी में नए रोमांच के साथ पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं।



राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वर्ष 2021 में 92288, विदेशी 3 पर्यटक, वर्ष 2022 में 160933, विदेशी 46 एवं वर्ष 2023 में देशी 234734, विदेशी 143 पर्यटक पहुंचे। इस तरह से पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पर्यटकों की संख्या हुई में काफी बढ़ोतरी हुईं साथ ही विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई। इन्ही सभी अकड़ों को ध्यान में रखते हुए बारिश के सीजन में पार्क क्षेत्र से लगे ग्रामों में मानसून टूरिज्म का प्लान किया जा रहा है। बैठक में उद्यान के सहायक संचालक कमल तिवारी, कोटमसर के परिक्षेत्र अधिकारी वी. जैकब, कोलेंग के रेंजर दिनेश रवानी, मैदानी कर्मचारी, मैना मित्र, मगरमच्छ मित्र जीत सिंह आर्या, टूर ऑपरेटर रजनीश, मोहित भंज देव, जिप्सी गाइड और जिप्सी चालक, ईको विकास समिति के सदस्य शामिल रहे।

### जिप्सी गाइड को मिलेगा प्रशिक्षण

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चुड़ामणी सिंह ने बताया कि पर्यटन कार्य हेतु राष्ट्रीय उद्यान की ओर से मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही जिप्सी गाइड को उनके कौशल विकास और उस क्षेत्र में भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण हेतु अन्य जगह भेजा जाएगा और टूरिज्म सर्किट तैयार किए जाने टूर ऑपरेटर, जिप्सी गाइड, जिप्सी चालक और स्थानीय लोगों के बीच सहयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शाला प्रवेशोत्सव साडगुड़ में आज

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडगुड़ में 26 जून को सुबह 11 बजे जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव होगा। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य धरमुराम मंडावी के मौजूद रहने के सूचना दी गई है।

### स्टॉप डायरिया कैम्पैन 1 जुलाई से

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार स्टॉप डायरिया कैम्पैन 2024 का आयोजन आगामी 1 जुलाई से 31 अगस्त तक किया जाएगा। 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसका शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैम्पैन 2024 का आयोजन शासन द्वारा किया जाएगा। बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की कमी करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक कैम्पैन चलाया जाएगा।

### मोबाइल कैम्प से श्रमिक पंजीयन शिविर

**जगदलपुर।** राज्य शासन के द्वारा श्रम विभाग के अधीन मण्डलों छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत किया जा कर संचालित योजनाओं से लाभांवित किये जाने के उद्देश्य से निर्माण श्रमिकों तथा असंगठित कर्मकारों का अधिक से अधिक नियमित रूप से पंजीयन हेतु श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र और निर्माणाधीन भवन स्थल में मोबाईल कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों के अंतर्गत पंजीयन शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके तहत बकावंड ब्लॉक मुख्यालय में 27 जून,जगदलपुर विकासखण्ड के कलचा में 2 जुलाई एवं गरावंडकला में 4 जुलाई, दरभा ब्लॉक के चांदामेटा में 9 जुलाई एवं पखनार में 11 जुलाई, लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के सुलेंगा में 16 जुलाई एवं धर्माबेड़ा में 18 जुलाई, तोकापाल ब्लॉक के पलवा में 23 जुलाई एवं बड़ेआरापुर में 25 जुलाई, बस्तर विकासखण्ड के रोतमा में 30 जुलाई एवं सालेमेटा में 1 अगस्त को श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित किये जाएंगे। वहीं बास्तानार विकासखण्ड के लालागुड़ा में 6 अगस्त एवं बड़ेबोदेनार में 8 अगस्त, बकावंड ब्लॉक के करपावंड में 13 अगस्त एवं मंगनार में 16 अगस्त, जगदलपुर विकासखण्ड के खुटपदर में 20 अगस्त एवं हाटपदमुर में 22 अगस्त, दरभा ब्लॉक के केलाऊर में 27 अगस्त एवं मामड़पाल में 29 अगस्त, लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के मारडूम में 3 सितम्बर एवं हरोकोड़ेर में 5 सितम्बर, तोकापाल ब्लॉक के सिरिसगुड़ा में 10 सितम्बर एवं सालेपाल में 12 सितम्बर, बस्तर ब्लॉक के सोनारपाल में 17 सितम्बर एवं सेमलनार में 19 सितम्बर और बास्तानार विकासखण्ड के बास्तानार में 24 सितम्बर एवं ईरपा में 26 सितम्बर 2024 को श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी जगदलपुर ने जानकारी में बताया है कि उक्त सभी श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजन के लिए श्रम निरीक्षकों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है।

## साफ-सफाई करने न चपरासी पहुंचा न ही शाला प्रमुख हेडमास्टर

# नए शिक्षा सत्र के एक दिन पहले शालाओं में लटके रहे ताले

## शौचालयों का हाल बेहाल, गंदगी के साथ झाड़ी-झंकाड़









### शाला प्रवेशोत्सव के साथ बढ़ेगी रौनक

जगदलपुर ब्लाक के सभी स्कूलों में समय पर शाला पहुंचने और पढ़ाई अच्छे से होने के लिए संस्था प्रमुखों और ब्लाक के सीएसी को निर्देश दिए गए हैं। बच्चों की पढ़ाई अच्छे से हो और शासन की सभी योजनाओं का लाभ बच्चों को मिले यह व्यवस्था रहेगी। औचक निरीक्षण कर जहां भी गड़बड़ी या लापरवाही दिखेगी वहां कार्रवाई होगी। कल से शाला प्रवेशोत्सव के साथ रौनक बढ़ेगी।

**मानसिंह भारद्वाज,** बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

गर्मी छुट्टी के बाद कल 26 जून से शालाओं में रौनक दिखेगी, लंबे अवकाश के बाद अध्यापक और विद्यार्थी नए शिक्षा सत्र में शाला परिसर में नजर आएंगे।

एक दिन पहले 25 जून को हरिभूमि ने नानगुर क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित शालाओं का हाल जाना। बोधघाट कॉलोनी के आगे रेलवे क्रासिंग के पार से ग्रामीण क्षेत्र शुरू हो जाती है। यह पूरा इलाका जगदलपुर ब्लाक में आता है। वन विभाग के सरगीपाल डिपो के आगे स्थित प्राथमिक शाला सरगीपाल में सामने लोहे के गेट में ताला लटक रहा था। यहां कल की व्यवस्था के लिए न सफाई कर्मी पहुंचा था और न ही संस्था प्रमुख प्रधान अध्यापक। हालांकि शालाओं में चपरासी, चौकीदार और मध्यान्ह भोजन पकाने वाले महिलाएं ही सफाई का काम भी कर लेती हैं। लेकिन एक दिन पहले शाम तक कोई भी स्कूल नहीं पहुंचा था। आसपास खड़े ग्रामीणों ने कहा कि कल से स्कूल खुलने वाला है इसलिए सभी गुरूजी और कर्मचारी कल ही आएंगे।

लंबी गर्मी छुट्टी बिताकर कल दर्शन देंगे। गेट में ताला लगा होने के कारण अंदर का हाल नहीं दिखाई पड़ा। इसी मार्ग पर चिलकुटी मिडिल स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं होने से पूरा परिसर घुमकर स्थिति दिखने को मिला। मुख्य भवन के गेट पर यहां भी ताला लगा था। अगल, बगल और पीछे रसोईया कक्ष और बालक-बालिकाओं का शौचालय तथा अलग से मुत्रालय भी है लेकिन वहां गंदगी के साथ ही झाड-झंकाड़ ही दिखाई पड़ा। साफ-सफाई से लेकर सभी तरह का काम गर्मी छुट्टी के पहले ही हुआ होगा। यहां भी शाला खुलने के एक दिन पहले कोई भी जिम्मेदार कल की तैयारी करने नहीं पहुंचा था। वहीं प्राथमिक शाला उलनार में भी ताला लगा हुआ था। मुख्य गेट के साथ अलग से आने जाने का छोटा गेट दोनों जगह ताला लगा होने से परिसर का हाल नहीं जान पाए।

# डाइट ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) दंतेवाड़ा के कुशल नेतृत्व में प्राथमिक शालाओं में बच्चों के बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान की दक्षता हासिल करने के लिए बलैडडेड मोड

■ 36 मास्टर ट्रेनरों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

में प्रशिक्षण संपन्न किया गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य शैलेष कुमार सिंह ने उक्त प्रशिक्षण के संबंध में बताया है कि सर्वप्रथम डीआरजी (मास्टर ट्रेनर्स) एफएलएन का 4 दिवसीय प्रशिक्षण जिला ग्रंथालय दन्तेवाड़ा में आयोजित हुआ। जिसमें प्रत्येक विकासखण्ड से 9 कुल 36 मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रत्येक विकास खण्ड के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्राथमिक शाला के सभी शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एफएलएन प्रशिक्षण प्रभारी संदीप सामन्त ने बताया इस कार्यक्रम में अंजनी मंडावी, शिल्पा चौहान, रायल निषाद, राजकारी मण्डावी, शिवकुमार गुप्ता एवं रामकुमार जैन ने मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका निभाई। इस प्रशिक्षण में निपुण भारत कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की दक्षता हासिल करना इस प्रशिक्षण का लक्ष्य है। जिसके लिये शिक्षकों को इस प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण में 21वीं सदी के कौशल नवाजतन अंतर्गत 60 एवं 7 तरीकों को ध्यान में रखकर बच्चों को अध्यापन कराते हुए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करना एफएलएन के उद्देश्य, कालखण्डों का निर्धारण, डिकोडिंग, संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति, चित्रों पर चर्चा, मातृभाषा शिक्षण का महत्व एवं आधारभूत गणित दक्षताएं विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधि, पुस्तकालय का महत्व, आवश्यकता रखरखाव बच्चों का स्तर के अनुरूप सीखने-सिखाने के तरीके के साथ-साथ बच्चों में भावनात्मक विकास पर जोर दिया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी सोहन कुमार अम्बस्ता, डीएमसी श्यामलाल शोरी, खण्ड स्त्रोत समन्वयकों टीआर जुर्री, एम कश्यप, जितेन्द्र चौहान, हीरालाल ओयामी, एबीईओ रावटे, डाइट के अकादमिक सदस्यों पीएल साहू, संतोष कुमार मिश्र, सुशांत कुण्डु के द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग किया गया एवं संकुल समन्वयकों लालूराम प्रधान, रमेश साहू, शंकर चौधरी, नरेश साहू, लब तारम का विशेष योगदान रहा है।

# अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को तत्काल निराकरण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि समय-सीमा से बाहर वाले सभी अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व अधिकारी तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी व्यक्तिगत रूप से सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करवाएं, जहां जरूरत है वहां पर टीम बनाकर सीमांकन कार्य को पूर्ण करवाएं। राजस्व अधिकारी प्रतिदिन न्यायालय में लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण की पहल करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर ने विगत दिनों मुख्य सचिव के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई राजस्व प्रकरणों की समीक्षा और निर्देश पर भी राजस्व अधिकारियों को अवगत करवाया। बैठक में कलेक्टर विजय ने कहा कि राजस्व के मैदानी अमलों पर प्रशासनिक कसावट जरूरी है। साथ ही जिले के सभी राजस्व कार्यालयों में पर्याप्त मानव संसाधन दिया गया, इसलिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाए। उन्होंने नक्शा बांटाकन के लिए जिन तहसीलों में लंबित प्रकरण की संख्या अधिक है। उन क्षेत्रों में टीम बनाकर काम को पूर्ण करवाएं, इसके लिए जिला स्तर पर भी एक नोडल अधिकारी बनाकर कार्य में प्रगति लाए।

बैठक में राजस्व न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की तहसील वार समीक्षा सहित अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, बी.121-त्रुटि सुधार, बेदखली के प्रकरण, शासकीय भूमि का अतिक्रमण, नक्शा बांटाकन, नक्शा नवीनीकरण, अभिलेख कोष में प्राप्त किए गए न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा किए। कलेक्टर ने राजस्व कार्यालय में संलग्न अन्य विभाग के कर्मचारियों को तत्काल मूल विभाग के लिए मुक्त करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सीपी बघेल, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री से भेंट में सीएम के साथ बस्तर के दो सांसद शामिल...



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली के संसद भवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नव निर्वाचित सांसदों ने मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान बस्तर के दोनों सांसद महेश कश्यप और भोजराज नाग भी शामिल थे।

## वार्षिक जात्रा में शामिल हुए विधायक....



**जगदलपुर।** अटल बिहारी वाजपेई वार्ड के शीतला माता मंदिर में मंगलवार को वार्षिक जात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। मंदिर के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में शेड निर्माण की मांग की। जिस पर विधायक ने उपलब्ध कराने की बात कही।







